


# अवैध उत्खनन जोरों पर, दौड़ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली






**महिदपुर।** क्षेत्र में पूर्व में भी अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। महिदपुर तहसीलदार संतुष्टि पाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन की जा रही पीली मिट्टी से पूर्व में भी भरे चार ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया था।

बताया जा रहा है कि इसके अतिरिक्त मौके पर मौजूद एक खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी कार्रवाई के तहत जब्त किया गया था। इस प्रकार कुल पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को प्रशासन द्वारा कब्जे में लिया गया है। कार्रवाई के दौरान यहां भी पहले पाया गया कि अवैध उत्खनन के पीछे कोई बड़ा नाम बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि बड़े पैमाने पर पीली मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा था। प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी थी। वहीं दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा सकती है। पूर्व में भी तहसीलदार संतुष्टि पाल ने बताया कि अवैध उत्खनन और खनिज परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति है और भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। लेकिन शहर में अभी भी अवैध उत्खनन का कार्य जारी है और ट्रैक्टर ट्रालियों में भर कर जा रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

वहीं खाना पूर्ति के लिए स्थानीय प्रशासन बस यही कहता है कि यदि कहीं अवैध उत्खनन या खनिज परिवहन की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वालों में हड़कंप मच गया था। और प्रशासन की सख्ती का स्पष्ट संदेश गया था।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
अजय हिंगे, एसडीएम महिदपुर

# डॉ. आंबेडकर जयंती समारोह को लेकर बैठक



**महिदपुर।** बिरसा अंबेडकर फुले समाज कल्याण समिति महिदपुर जिला उज्जैन की बैठक 5 मार्च को महिदपुर के डॉ. अंबेडकर मांगलिक भवन में हुई। यह नागूलाल मालवीय एडवोकेट के मुख्य आतिथ्य और समिति सचिव सुरेश डामेचा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

समिति संरक्षक एवं डोमा परिसंघ प्रदेश महासचिव जेके मालवीय ने बताया कि विश्वरत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल इस बार वृहद स्तर पर मनाई जाएगी। इसमें हजारों लोगों के आने की संभावना है। विभिन्न संगठन और समाजसेवियों का सम्मान जयंती कार्यक्रम के दौरान बाप समिति द्वारा किया जाएगा। मांगलिक भवन को अतिक्रमण मुक्त किए जाने की दिशा में उपस्थित समिति पदाधिकारीयो ने निर्णय लिया कि शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते अब अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत की जाएगी। समिति द्वारा समस्त बहुजन संगठनों से अपील की है कि वह इस धरने में शामिल होकर डॉ आंबेडकर मांगलिक भवन को अतिक्रमण मुक्त करवाने में अपनी महती भूमिका अदा करें। बैठक में डीएवीएस के तहसील अध्यक्ष अरुण परमार, समिति कोषाध्यक्ष बीएल मालवीय, सदस्य नरेंद्र परमार, भीम आर्मी जिला सचिव राहुल बामनिया, कमल राठी, जगदीश परमार लखन जोगचंद आदि शामिल हुए। बैठक के अंत में इंदौर में शिव चैम्बर की सफाई के दौरान गैस रिसाव से दो सफाई कर्मचारियों अजय डोडी, करण यादव की मृत्यु पर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## एक नजर में

### भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने दिया ज्ञापन




**उज्जैन।** भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा जाति आधारित जनगणना और ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे एवं भाजपा द्वारा ओबीसी के साथ की जा रही धोखाधड़ी के खिलाफ, एससी, एसटी, ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसी बिल लागू करने के समर्थन में एवं 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त करने के समर्थन में संगठन के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के प्रथम चरण में कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर भारत मुक्ति महिला मोर्चा व बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुकेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में प्रमुख मांगे की केन्द्र सरकार द्वारा कैबिनेट में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला करने के बावजूद भी जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी की जातियों कॉलम नहीं दिया गया है। घोषित करने के बाद भी ओबीसी के जाती के कॉलम को ना दिया जाना ओबीसी के साथ धोखेबाजी है। इसलिए इस साल से होने वाली राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी का एवं जाति का कॉलम बढ़ाया जाए, पहले कमजोर यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाना और फिर सुप्रीम कोर्ट में कमजोर पैरवी करके उस पर भी रोक लगवाना एससी-एसटी ओबीसी के साथ धोखेबाजी है। अत: एससी-एसटी ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाकर लागू किया जाए, 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से मुक्त किया जाए। संगठन ने चेतावनी दिए है की मांग नहीं मानी गई तो द्वितीय चरण में 13 मार्च, 2026 को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर जगन्नाथ बागड़ी साहब, ईश्वर मालवीय, अशोक मालवीय, अर्जुन चौहान, लाखन पसलानीया, हीरालाल एरवाल, मुकेश मालवीय, बने सिंह बौद्ध आदि सभी मूल निवासी बहुजन समाज इकट्ठा हुए।

### परिचय सम्मेलन के निमंत्रण पत्र का लोकार्पण

**इंदौर.** अग्रवाल महासभा की मेजबानी में ब्रह्मलीन समाजसेवी मिश्रीलाल गोयल की पुण्य स्मृति में 28 से 30 मार्च तक गांधी हॉल परिसर में आयोजित किए जा रहे अ.भा. अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए अब तक 510 प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं, इनमें 280 युवक एवं 230 युवती प्रत्याशी शामिल हैं. महासभा के समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल एवं महामंत्री अजय बंसल ने बताया कि अब तक जो 510 प्रविष्ठियां प्राप्त हुई हैं, उनमें अधिकांश प्रत्याशी उच्च शिक्षित होकर देश-विदेश में आकर्षक पैकेज पर एमएनसी में कार्यरत अथवा स्वयं के कारोबार में स्थापित हैं. परिचय सम्मेलन के लिए भी 2 हजार से अधिक प्रविष्ठियां प्राप्त होने की उम्मीद है. अब तक प्राप्त हुई प्रविष्ठियों का बहुरंगी परिचय पुस्तिका में सचित्र प्रकाशन भी शुरू हो गया है. आयोजन समिति की गुरुवार को यशवंत निवास रोड स्थित महासभा के कार्यालय पर आयोजित बैठक में सम्मेलन के निमंत्रण पत्र का लोकार्पण भी किया गया. बैठक में रमेश तायल, विनोद अग्रवाल जावरा, राजकुमार गोयल, श्याम गोयल, महेश चायवाले, गोपाल अग्रवाल, नवीन गोयल तथा मातृशक्ति की ओर से श्रीमती उर्मिला गोयल, पिंकी रवि अग्रवाल, श्रद्धा बंसल एवं अनामिका अग्रवाल (स्कीम 78) ने सम्मेलन की विभिन्न तैयारियों पर अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किए।

# विक्रम विश्वविद्यालय में विज्ञान सप्ताह का आयोजन

- नवाचार, तकनीक और अनुसंधान पर हुआ मंथन

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पीएम-उषा योजना के अंतर्गत फरवरी के अंतिम सप्ताह को विज्ञान सप्ताह के रूप में मनाया गया। कुलगुरु अर्पण भारद्वाज और कुलसचिव अनिल शर्मा के संरक्षण में आयोजित इस सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल और आधुनिक शोध प्रविधियों से रूबरू कराया गया।

**तकनीक और साइबर सुरक्षा पर जोर:** विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ 24 फरवरी को कंप्यूटर विज्ञान संस्थान में आईडिया टू पेटेंट: ए प्रैक्टिकल वर्कशॉप के साथ हुआ, जिसका संयोजन संस्थान निदेशक कमल बुनकर ने किया। 26 फरवरी को इसी संस्थान में साइबर सुरक्षा: खतरे और शमन रणनीतियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। 27 फरवरी को इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान परिसर में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के सहयोग से एआई एडॉप्शन ट्रेंड्स पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इसके मुख्य संयोजक इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान निदेशक एसके तिवारी और आईक्यूएसी निदेशक डीडी बेदिया रहे, जबकि कमल बुनकर ने सह-संयोजक की भूमिका निभाई।

**विज्ञान और आयुर्वेद पर गहन चर्चा:** वनस्पति शास्त्र अध्ययनशाला में 24 से 26 फरवरी तक पादप पहचान और उन्नत वर्गीकरण पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसके मुख्य संयोजक विभागाध्यक्ष डीएम कुमावत थे। आयोजन समिति में जगदीश के शर्मा, निहाल सिंह, मुकेश वानी, पराग दलाल और संतोष ठाकुर ने सह-संयोजक के रूप में योगदान दिया। वहीं 26 फरवरी को फार्मेसी संस्थान में आयुर्वेद और हर्बल दवाओं के सिद्धांत विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई, जिसका संयोजन डीन एवं विभागाध्यक्ष कमलेश दशोरा ने किया।

**पुरातात्विक प्रविधि पर कार्यशाला:** ऐतिहासिक शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के सभागार में 24 और 25 फरवरी को पुरातात्विक प्रविधि विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला हुई। इसका संयोजन विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान की निदेशक मनीषा शर्मा द्वारा किया गया।

**विद्यार्थियों ने देखी इंडस-1 और इंडस-2 की कार्यप्रणाली**

विज्ञान सप्ताह के तहत 28 फरवरी और 1 मार्च को रसायन, जैवरसायन और भौतिकी अध्ययनशाला के 40 छात्र-छात्राओं के दल ने इंदौर स्थित राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र का विशेष शैक्षणिक भ्रमण किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम वुमन इन साइंस कैटेलाइजिंग विकसित भारत को सार्थक करते हुए इस दौरे का नेतृत्व उमा शर्मा और स्वाति दुबे के सौजन्य से दर्शना मेहता और मोनिका बैरागी ने किया। छात्रों ने वरिष्ठ वैज्ञानिक संजय राय के मार्गदर्शन में भारत के प्रमुख सिंक्रोट्रॉन विकिरण स्रोत इंडस-1 और इंडस-2 की जटिल कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझा।

# पूजा चित्तौड़ा को मिला श्रेष्ठ प्रकल्प सम्मान




**उज्जैन।** भारत विकास परिषद् पश्चिम प्रान्त की प्रांतीय परिषद् बैठक उज्जैन में अवंतिका शाखा के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रांतीय महिला प्रमुख पूजा चित्तौड़ा को उनके विशेष सहयोग और सक्रिय सेवा कार्यों के लिए श्रेष्ठ प्रकल्प सम्मान से अलंकृत किया गया।

प्रांतीय वित्त सचिव पराग काबरा ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न शाखाओं को उनके विशेष कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल के अनुसार, पूजा चित्तौड़ा ने लगातार दूसरे वर्ष विभिन्न शहरों में जाकर महिला जागरूकता शिविर, आत्मरक्षा शिविर, कन्या शिक्षा और निर्धन सेवा जैसे प्रकल्पों के सफलतापूर्वक संचालन के माध्यम से परिषद् का नाम गौरवान्वित किया है। पूजा चित्तौड़ा की इस उपलब्धि पर रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी, सुनील लवंगिकर, प्रदीप चोपड़ा, सुनील सिंहल, ईश्वर पटेल, प्रकाश चित्तौड़ा, विनोद काला, भगवान शर्मा, अनिल वैष्णव, मीना मानवत, नीता जैन, अदिति साबू, याशी सिंग, रेखा पोरवाल, आरती खरे, पारुल शाह एवं उपस्थित समस्त मातृशक्ति ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# बैठक में डाला भराई की दर निर्धारित



**बड़नगर।** भारसाधक अधिकारी (राजस्व) सह अनुविभागीय अधिकारी (मंडी) की अध्यक्षता में वाहन डाला भराई हम्माली की दर निर्धारण के संबंध में बैठक कृषि उपज मंडी समिति के सभा कक्ष में आयोजित की गई।

उक्त बैठक में जितेन्द सिंह उदयसिंह पण्ड्या विधायक ने बैठक में उपस्थित समस्त हम्माल और व्यापारियों के पदाधिकारियों को समझाइश देते हुए वाहनों में डाला भराई राशि रुपये 3.60 रुपए प्रति टन से निर्धारित किया गया है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष विजय मेहता, सचिव नितेश गोधा, विराग मिश्रा, तरूण नागर, हम्माल संघ के अध्यक्ष तन्नु राठौड़, आजाद एवं हम्माल पदाधिकारीगण तथा व्यापारीगण राजेन्द्र लाठी, प्रतीक पोरवाल, सुशील गामा, राजेन्द्र बरडिया, अजय सियाल, रवि ददरवाल, आदि व्यापारी एवं हम्माल सदस्यगण बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार वाहन डाला भराई हम्माली की पूर्व नियत दर राशि कमश: 55, 65, 75 रुपये प्रति टन में 3.60 प्रति टन से वृद्धि की गई। जिसमें सबकी सहमति उपरांत उक्त निर्धारित दरों का आदेश मंडी सचिव अनारे कुमार सिंह द्वारा जारी करते हुए विधायक एवं अनुविभागीय अधिकारी तथा समस्त व्यापारी व हम्मालगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# थल सेना अध्यक्ष ने उज्जैन के पूर्व सैनिक मुकेश कुमार मोयल को किया सम्मानित, मिला 'वेटर्न अचीवर अवार्ड'

- महू के आर्मी वार कॉलेज में हुआ भव्य सैन्य समारोह
- पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं के समाधान के उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

**उज्जैन। भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त उज्जैन के मुकेश कुमार मोयल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सम्मानित किया है। महू छावनी स्थित आर्मी वार कॉलेज के सभागृह में आयोजित भव्य सैन्य समारोह में उन्हें पूर्व सैनिक सम्मान (वेटर्न अचीवर अवार्ड) से नवाजा गया। समारोह में कुल तीन पूर्व सैनिकों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए।**

उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मोयल भारतीय थल सेना की ईएमई कोर में एसीपी हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें यह सम्मान पूर्व सैनिक संगठन एवं सैनिक सुविधा केंद्र के माध्यम से किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों के लिए दिया गया।

मोयल द्वारा उज्जैन, शाजापुर, आगर मालवा, राजगढ़, देवास, रतलाम, मंदसौर, इंदौर और धार सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीर माता-पिता और उनके आश्रितों की पेंशन, मेडिकल (ईसीएचएस), छात्रवृत्ति एवं पुनर्वास संबंधी समस्याओं का ऑनलाइन समाधान किया जा रहा है।

इससे पूर्व 10 दिसंबर 2025 को भी उज्जैन के कर्नल राजकुमार सिंह चौहान, कर्नल प्रदीप सिंह और सूबेदार कमल सोनी को इस प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। संगठन के सचिव रविप्रताप सिंह भदौरिया ने बताया कि मोयल की इस गौरवशाली उपलब्धि पर उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष सूबेदार कमल सोनी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार तोमर, संयुक्त सचिव सवाई सिंह शेखावत, शैलेन्द्र सिंह डोडिया, एस.एन. श्रीवास्तव, प्रशांत निगम, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन विष्णुदत्त शर्मा, कर्नल राजकुमार सिंह चौहान, कर्नल प्रदीप सिंह, मेजर डॉ. कविता जैन चौधरी, भंवर सिंह मेहरावत, प्रकाश गोडबोले, मुकेशचंद्र सोनी, सुरेश सिंह बैस, बी.के. तिवारी, बने सिंह मालवीय, योगेश कुमार राठौर, अमरलाल डोडिया, जितेंद्र सिंह राजावत, जगदेव सिंह चावड़ा, डी.के. सैनी, खगेन्द्र सिंह जादौन, मुकेश नायक, दिलीप सिंह ठाकुर, विजय पाल, सुरेश नागर, धर्मेंद्र गोठी, लाखन सिंह जादौन, महेंद्र अमृतीया, नितेश सक्रोदिया, वार्ड कोस्तुभ और संदीप शर्मा सहित संगठन के समस्त सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# श्री चित्रगुप्त धाम में 51 बटुकों के साथ हुई महाआरती, उल्लास से मनी भाईदूज

- बहनों ने भाइयों को तिलक लगा मांगी लंबी उम्र की प्रार्थना, भगवान चित्रगुप्त को अर्पित किया गुलाल



**उज्जैन।** चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया यानी होली भाई दूज के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य स्थल श्री चित्रगुप्त धाम अंकपात में महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस पावन अवसर पर 51 बटुकों के साथ भगवान चित्रगुप्त की महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री चित्रगुप्त धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अमित श्रीवास्तव के आतिथ्य में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

महाआरती के दौरान मंदिर परिसर भगवान चित्रगुप्त के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस दौरान बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर भगवान चित्रगुप्त के आंगन में उनकी लंबी उम्र की कामना की। आरती के पश्चात सभी ने भगवान चित्रगुप्त को गुलाल और अबीर अर्पित किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को भी रंग लगाकर भाई दूज की शुभकामनाएं दीं। आयोजन में मुख्य रूप से युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, गणेश गौड़, ब्रजेश श्रीवास्तव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, मंगेश श्रीवास्तव, नरेश श्रीवास्तव, मदन गोपाल श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, पिंकी निगम, अनिता निगम, मोनिका श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव, सुनील कुलश्रेष्ठ, अजय निगम, गोपाल सक्सेना के साथ प्रियांश श्रीवास्तव और शिव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। समिति द्वारा सभी भक्तों का स्वागत किया गया। अंत में सभी ने भगवान चित्रगुप्त से प्राणी मात्र के कल्याण और उज्जैन नगरी की खुशहाली की प्रार्थना की।

**एक नजर** गायों को चारा, गुड़, तरबूज और अन्य खाद्य पदार्थ का करवाया भोजन

# नवरत्न सागर सुरिश्वर का जन्मोत्सव जीवदया के साथ मनाया



**उज्जैन।** आचार्य नवरत्न सागर सुररिश्वर का 83वां जन्मोत्सव बड़े उत्साह और आनंद के साथ जीवदया के रूप में मनाया गया। यह आयोजन विश्वरत्न सागर सुरीश्वर की प्रेरणा से नवरत्न परिवार एवं मालवा महासंघ के संयोजन में संपूर्ण भारत में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर गायों को चारा, लापसी, गुड़ एवं तरबूज खिलाकर स्वामी वात्सल्य किया गया तथा पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी एवं सकोरे वितरित किए गए।

कार्यक्रम उज्जैन स्थित शीतला गौशाला में विश्वरत्न सागर सुरीश्वर के सुशिष्य गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर सुरीश्वर एवं सौरयरत्न सागर की निश्रा में संपन्न हुआ। इस आयोजन में नवरत्न महिला मंडल, नवरत्न भक्तामर मंडल, नवरत्न परिवार एवं संपूर्ण जैन श्रीसंघ का विशेष सहयोग रहा। इसी श्रृंखला के अंतर्गत उज्जैन के श्वेताम्बर जैन संघ के सहयोग से शहर की लगभग 20-25 गौशालाओं में गायों के लिए चारा, लापसी, गुड़ एवं तरबूज वितरण किया गया। कार्यक्रम में नवरत्न परिवार के अरुण फुलेरा, विभिन्न संघों के ट्रस्ट मंडल, उज्जैन के भक्तामर मंडल, नवरत्न परिवार एंव समस्त जैन समाज के भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात लड्डू की प्रभावना, विशाल कुमार, इस अवसर पर उज्जैन के श्वेताम्बर जैन संघ ने एक ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए यह संदेश दिया कि सकल जैन समाज एकजुट है। संघ के श्रावक राजेंद्र सिरोलिया एवं राकेश वनवट द्वारा विभिन्न गौशालाओं में चारा, गुड़ एवं लापसी वितरण का कार्य सेवा भाव से किया गया। इसके अतिरिक्त शहर की अन्य छोटी गौशालाओं में भी गायों के लिए चारा भिजवाने की व्यवस्था की गई है। इस प्रकार आचार्य श्री के जन्मोत्सव को जीवदया एवं सेवा कार्यों के माध्यम से सार्थक रूप से मनाया गया। नवरत्न परिवार उज्जैन नवरत्न महिला मंडल, नवरत्न बालिका मंडल खाराकुआं एवं सभी नवरत्न भक्तामर मंडल व जैन श्री संघ उज्जैन के समस्त ट्रस्टमंडल एवं आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। यह जानकारी नवरत्न महिला मंडल अध्यक्ष पदमा जैन ने दी।